## कार्यपत्र-19

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) परस्पर संबंध रखने वाले दो या दो से अधिक शब्दों के मेल को क्या कहते हैं? (ii) समास ✓

(ख) 'जन्मांध' शब्द में कौन-सा समास है? (iv) तत्पुरुष ✓

(ग) 'सत्य के लिए आग्रह' का समस्तपद बनेगा– (i) सत्याग्रह ✓

(घ) इनमें बहुव्रीहि समास का उदाहरण है– (iv) दशानन ✓

(ङ) इनमें तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है– (i) चंद्रमुख ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) समास के छह भेद हैं– 1. अव्ययीभाव समास 2. तत्पुरुष समास 3. कर्मधारय समास
4. द्विगु समास 5. द्वंद्व समास 6. बहुव्रीहि समास

(ख) जिस समस्तपद में पहला पद प्रधान और अव्यय हो तथा समस्तपद अव्यय बन जाता हो, वह अव्ययीभाव समास कहलाता है।

(ग) कर्मधारय समास के दोनों पदों में विशेषण-विशेष्य या उपमान-उपमेय का संबंध होता है जबकि बहुव्रीहि समास के दोनों पद मिलकर किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं। जैसे–

पीतांबर – पीत (पीला) है जो अंबर (कर्मधारय समास)

पीतांबर – पीले (पीला) हैं अंबर (वस्त्र) जिसके अर्थात् श्रीकृष्ण (बहुव्रीहि समास)

(घ) संधि में दो शब्दों के दो वर्णों का मेल होता है और इनमें परिवर्तन या विकार होना आवश्यक है। समास में वर्णों का मेल सामान्य तौर पर नहीं होता। संधि में शब्दों का मेल होता है, जबकि समास में पदों का मेल होता है।

**3. निम्नलिखित शब्दों में समास का भेद बताइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | शरणागत | तत्पुरुष समास | (ख) | महात्मा | कर्मधारय समास |
| (ग) | त्रिफला | द्विगु समास | (घ) | माता-पिता | द्वंद्व समास |
| (ङ) | यथासंभव | अव्ययीभाव समास | (च) | गगनचुंबी | तत्पुरुष समास |
| (छ) | चतुर्भुज | द्विगु समास | (ज) | पुरुषोत्तम | कर्मधारय समास |
| (झ) | दाल-चावल | द्वंद्व समास | (ञ) | बैलगाड़ी | तत्पुरुष समास |

**4. निम्नलिखित समस्तपदों का समास-विग्रह कीजिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सिरदर्द | सिर में दर्द | (ख) | चक्रधर | चक्र को धारण करने वाला अर्थात् विष्णु |
| (ग) | मृगलोचन | मृग के समान लोचन | (घ) | हस्तलिखित | हस्त से लिखित |
| (ङ) | यथोचित | जो उचित हो | (च) | पीतांबर | पीत अंबर (वस्त्र) वाला अर्थात् श्रीकृष्ण |

**5. निम्नलिखित समास भेदों का एक-एक उदाहरण लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अव्ययीभाव समास | भरपेट | (ख) | तत्पुरुष समास | सत्याग्रह |
| (ग) | कर्मधारय समास | नीलकमल | (घ) | बहुव्रीहि समास | गजानन |